E:\C data\Section-II\Tender-Nevida\Transpoart.doc1

कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0, भोपाल.

क्रमांकजी0बी0 / दो(49)2016 / 2001 भोपाल,दिनांक 22/7/16

## अल्पावधि निविदा सूचना

आईटी विभाग की वेबसाइट https://mpeproc.gov.in से कम्प्यूटर स्टेशनरी की सामग्री (तकनीकी विवरण अनुसार) मुद्रण कार्य हेतु इंडियन बैंक एसोसियेशन (I.B.A) में गोपनीय कार्य हेतु जीवित पंजीकृत प्रिन्टरों से पेपर सहित मुद्रण, बंधन, परिवहन एवं अन्य कार्य की समस्त कर सहित प्रति हजार दरें दिनांक 4–8–2016 अपराह्न 2.00 बजे तक की–डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती है।

2. ऑनलाईन तकनीकी निविदा की हार्डकापी, पेपर नमूनें अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित, शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर सहित की–डेट्स अनुसार कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन तकनीकी भाग को दिनांक 4–8–2016 को अपराह्न 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों / उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टल से डाउनलोड किया जावेगा एवं हार्डकापी के प्रस्तुत दस्तावेजों को खोला जावेगा।

3. किसी भी प्रकार का संशोधन / सुधार / परिवर्तन होने की सूचना https://mpeproc.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

( संजीव सिंह )
नियंत्रक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0,भोपाल.

E:\C data\Section-II\Tender-Nevida\Transpoart.doc2

OFFICE OF THE CONTROLLER
**GOVT. PRINTING AND STATIONERY, M.P., BHOPAL**

**No. GB-II/ /(49)/2016/** 2001 **Bhopal, dated** 22/7/16

## SHORTTIME TENDER NOTICE

ONLINE Bidding are invited on https://mpeproc.gov.in from the Registered Printers for confidential Printing work of Indian Bank Association (IBA) who have for Printing of Computer Stationery (as per technical details) including paper, printing and other charges per thousand with all taxes are invited on or before 2.00 PM on 4-8-2016 as per key dates.

2. Hard Copy of the Bid Documents complete in all respects, alongwith Technical tender document, certified Paper Sample, acceptation of tender condition must be received at the office of the undersigned as per key dates. Envelopes of Hard Copy and Online Technical Parts will be open on 4-8-2016 at 3.30 PM in the Office of the undersigned in the presence of such tenderers or their authorised representatives as may be present.

3. All corrigendum/amendments/changes, if any will only be issued and made available only on Website https://mpeproc.gov.in

**( Sanjeev Singh )**
**Controller,**
**Govt. Printing and Stationery,**
**M. P., Bhopal.**

# Key Dates and Time

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid document downloading end date | : | 5.00 PM on 3-8-2016 |
| 2. | Bid closing & last date & time for submission on online Bids | : | 2.00 PM on 4-8-2016 |
| 3. | Last Date & time for submission of Hard Copy of Bids. | : | 3.00 PM on 4-8-2016 |
| 4. | Date of Opening of Technical Bids | : | 3.30 PM on 4-8-2016 |
| 5. | Date of Opening of Commercial Bids. | : | 4.00 PM on 4-8-2016 |

# तकनीकी विवरण एवं शर्ते

| क्र0 | विवरण | संख्या | सरल क्रमांक | आकार एवं प्रति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रारूप–51<br>अस्थाई परमिट | 1,00,000 | 16,00,00,00,001 से<br>15,00,01,00,000. | 19 X 30.5 से.मी.<br>1+3 प्रति में कार्बन पेपर सहित |
| 2 | प्ररूप–53<br>ठेकागाड़ी के संबंध में विशेष अनुज्ञापत्र | 50,000 | 16,00,00,00,001 से<br>15,00,00,50,000. | 19 X 30.5 से.मी.<br>1+3 प्रति में कार्बन पेपर सहित |
| 3 | प्ररूप–54<br>पर्यटक यान स्थाई परमिट | 10,000 | 16,00,00,00,001 से<br>16,00,00,10,000. | 19 X 30.5 से.मी.<br>1+3 प्रति में कार्बन पेपर सहित |
| 4 | प्ररूप–55<br>राष्ट्रीय अनुज्ञा पत्र मालयान | 50,000 | 16,00,00,00,001 से<br>16,00,00,50,000. | 19 X 30.5 से.मी.<br>1+3 प्रति में कार्बन पेपर सहित |
| 5 | प्ररूप–38<br>फिटनेस प्रमाण–पत्र | 3,00,000 | 16,00,00,00,001 से<br>16,00,03,00,000. | 19.3 X 20.5 से.मी.<br>1+1 प्रति में कार्बन पेपर सहित |
| 6 | कम्प्यूटराईज्ड पंचनामा कम मेमो रसीद | 10,00,000 | 16,00,00,00,001 से<br>16,00,10,00,000. | 23 X 30.5 से.मी.<br>1+1 प्रति में कार्बन पेपर सहित |

उपरोक्त तकनीकी विवरण की सामग्री के मुद्रण एवं प्रदाय हेतु इंडियन बैंक एसोसियेशन (I.B.A) में गोपनीय कार्य हेतु जीवित पंजीकृत मुद्रकों से आईटी डिपार्टमेंट की वेबसाइट से जिनके पास उक्त कार्य की मशीन स्थापित हो से ऑनलाईन निविदा के अन्तर्गत पेपर सहित मुद्रण, बंधन, परिवहन एवं अन्य कार्य की समस्त कर सहित दरें निविदा दिनांक 4–8–2016 अपराह्न 2.00 बजे की–डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। कम्प्यूटर रोल स्टेशनरी 60 जी. एस.एम. ए ग्रेड पेपर मिल का पेपर प्रयुक्त पर मुद्रित किया जाना है। तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों की हार्डकापी की–डेट्स अनुसार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सील बंद लिफाफें में निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा (आवश्यक दस्तावेज संलग्न नहीं किये जाये) :–

1.1 इंडियन बैंक एसोसियेशन (I.B.A) में गोपनीय कार्य हेतु जीवित पंजीयन का प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।

1.2 निविदा प्रपत्र के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का राशि रूपये 2,000/– का डिमांड ड्राफ्ट एवं ई.एम.डी. राशि रूपये 10,000/– का एफ.डी.आर. नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल के पक्ष में तैयार कर हार्डकापी के संलग्न मूलतः प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

1.3 उपरोक्त तकनीकी विवरण की प्रिंटिंग मशीनें स्थापित होने के प्रमाण स्वरूप स्थापित मशीन के क्रय देयक की प्रमाणित छायाप्रतियां मार्कर से चिंहित कर संलग्न करना होगा।

1.4 उपरोक्त तकनीकी विवरण अनुसार नमूना तैयार कर अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित संलग्न करना होगा।

1.5 तकनीकी निविदा एवं शर्तों में प्रत्येक पृष्ठ पर सहमति स्वरूप हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा।

1.6 उपरोक्त कम्प्यूटर स्टेशनरी मुद्रण के उपयोग में लाये जाने वाले समस्त प्रकार के पेपर नमूनों पर पेपर निर्माता मिल का नाम, जीएसएम, निविदाकार फर्म के हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा।

1. सरल क्रमांक–1 से 4 तक अनुज्ञा पत्रों की सामग्री 1+3 कार्बन सहित 11 अंकों में नम्बरिंग, सरल क्रमांक–5 प्ररूप–38 फिटनेस प्रमाण–पत्र एवं पंचनामा कम मेमो रसीद कम्प्यूटराईज्ड नवीन क्रम में 11 अंकों में नम्बरिंग कर 500 की पंजी में 1+1 प्रतियों में मुद्रित करना होगा।

3. यदि प्रदाय की गई सामग्री निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार नहीं पायी गई अथवा किसी भी कारण से खराब अथवा उपयोग योग्य नहीं पाई गई तो ऐसी स्थिति में फर्म के विरूद्ध निम्नानुसार कार्यवाही की जायेगी :–

3.1 सामग्री की गुणवत्ता/निर्धारित मापदण्ड अनुसार नहीं पाये जाने पर प्रतिभूति राशि के रूप में जमा एफ.डी.आर. राजसात कर ली जावेगी।

3.2 यदि मुद्रक को प्रदायित सामग्री का भुगतान किया जा चुका है। इसके पश्चात् सामग्री की गुणवत्ता में कमी आदि सूचना कार्यालय में प्राप्त होने पर 4.3 अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

3.3 शर्त क्रमांक 4.2 की स्थिति में उपरोक्त सामग्री का पुनः मुद्रण कर निर्धारित समय में मांगकर्त्ता कार्यालय को प्रदाय करना होगा। विलम्ब की स्थिति में आधा प्रतिशत प्रति दिवस के मान से शास्ति अधिरोपित की जावेगी। यदि निर्धारित समय सीमा में सामग्री की प्रदायगी नहीं की जाती अथवा सामग्री पुनः मुद्रित करने से इंकार किया जाता है कि दशा में भू–राजस्व वसूली के अन्तर्गत एवं मुद्रक द्वारा निष्पादित अनुबंध के क्रम में भुगतान की गयी राशि/अन्तर की राशि वसूले जाने हेतु फर्म के विरूद्ध अनुशासनात्मक/वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

4.4 निविदा में आमंत्रित फर्मों द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि निविदा में प्रस्तुत कागज के नमूने/तकनीकी विवरण अनुरूप ही सामग्री का मुद्रण किया जावे। किसी भी दशा में गुणवत्ता में कमी/लापरवाही पूर्णतः रूप से अस्वीकार होगी।

4.5 गुणवत्ता में कमी किसी भी रूप में मान्य नहीं है, ऐसे प्रकरणों में संबंधित मुद्रक को प्रदेश में प्रतिबंधित कर काली सूची में सम्मिलित किया जावेगा।

5. तकनीकी भाग दिनांक 4–8–2016 अपराह्न 3.30 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन पोर्टल से डाउनलोड की जावेगी एवं हार्डकापी को खोला जावेगा। फर्म द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि का अधिकार–पत्र प्रस्तुत करना होगा। तकनीकी भाग के पात्र निविदाकारों का कामर्शियल भाग की–डेट्स अनुसार दिनांक 4–8–2016 अपराह्न 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदाकर्ता या उसके अधिकृत प्रतिनिधि टेण्डर ओपनिंग के समय अवश्य उपस्थित रहें।

6. उपरोक्त विवरण अनुसार सम्पूर्ण सामग्री कम्प्यूटर रोल स्टेशनरी 60 जी.एस.एम. **ए ग्रेड पेपर मिलों का प्रयुक्त पेपर** पर मुद्रित की जाना है। पेपर सहित प्रूफ का अनुमोदन विभाग से कराने हेतु कार्यादेश प्राप्ति के 2 दिवस के अंदर 2 सेम्पल प्रस्तुत करना होगा। सामग्री का प्रदाय सेम्पल अनुमोदित होने की तिथि से 30 दिवस के अन्दर मुद्रित कर विभाग को प्रदाय करना होगा तथा देयक तीन प्रतियों में भुगतान हेतु संबंधित विभाग को प्रस्तुत करना होगा।

6.1 विभाग द्वारा प्रूफ अनुमोदन किये जाने पर प्रमाण स्वरूप अंतिम प्रूफ अनुमोदन का पत्र देयक के साथ संलग्न कर भेजना अनिवार्य होगा।

7. मुद्रक द्वारा सामग्री की आपूर्ति उपरान्त देयक मुद्रण कार्य की गुणवत्ता, संख्या, माल प्राप्ति की संतुष्टि/उसकी मात्रा के प्रमाण–पत्र के साथ रेण्डम नमूनें सहित देयक तीन प्रतियों में सत्यापन हेतु संबंधित विभाग को प्रस्तुत करना होगा। देयक का भुगतान संबंधित विभाग द्वारा सीधे मुद्रक को इस कार्यालय द्वारा देयक सत्यापन उपरांत नियमानुसार देयकों पर लगने वाले कर का कटौत्रा कर किया जायेगा।

8. सफल निविदाकार को इस कार्यालय से सूचना प्राप्ति के 2 कार्य दिवस के अन्दर कुल मुद्रण राशि का 10% राशि का एफ.डी.आर. नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0, भोपाल के पक्ष में 12 माह की अवधि के लिए प्रतिभूति राशि के रूप में जमा कर तत्काल राशि रूपये 1000=00 के नानज्यूडिशियल/स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित करना होगा। यदि अनुबंध हेतु फर्म का अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित होता है, तो अधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा।

9. शासन द्वारा समय–समय पर जारी भुगतान संबंधी प्रतिबंधों या अपरिहार्य परिस्थिति आने के कारण यदि भुगतान में विलम्ब की स्थिति निर्मित होती है तो लंबित भुगतान पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

10. मुद्रक को प्रिंट लाईन विभाग से अनुमोदन कराकर (विभाग का मांगपत्र क्रमांक, दिनांक, नियंत्रक, शा0 मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल का मुद्रण आदेश क्रमांक एवं दिनांक) संक्षिप्त में अंकित करना होगा।

11. यह निविदा आमंत्रण किसी प्रकार का कार्यादेश नहीं है। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक को होगा। इसके अतिरिक्त निविदाओं के आमंत्रण के पश्चात कार्यादेश जारी करने अथवा न करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल का होगा।

. **प्रोसेसिंग फीस रूपये 250=00 एवं सर्विस टैक्स का भुगतान वेबसाइट से ऑनलाईन करने के उपरांत निविदा प्रपत्र डाउन लोड किया जा सकेगा।**

12. किसी भी प्रकार का विवाद की स्थिति में अनुबन्ध के प्रावधानों के अन्तर्गत पंच निर्णय हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन, राजस्व विभाग को भेजा जावेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों पर बंधनकारी होगा। पंच निर्णय हेतु आर्बिट्रेशन एवं काउंसिलिएशन एक्ट 1996 के प्रावधान लागू होंगे।

13. निविदाकार द्वारा प्रतिभूति राशि के रूप में जमा 10% राशि उनके द्वारा समस्त प्रकार के कर अदायगी का एक्नालेजमेंट/चालान की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने पर मुक्त की जावेगी।

<u>नोट</u> :–निविदाकार शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर पदमुद्रा सहित अंकित कर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें।

**नियंत्रक,**
**शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,**
**म0प्र0,भोपाल.**